5:00 1.69 MB/s 4G 7

# किशोरियों को मिला कानूनी और साइबर सुरक्षा का प्रशिक्षण

भास्कर न्यूज़ | येरवड़ा



यार्डी सॉफ्टवेयर और स्त्रीवाणी संस्था के संयुक्त तत्वावधान में किशोरियों के लिए कानूनी मार्गदर्शन एवं सामाजिक परिस्थितियों की समझ बढ़ाने हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से वर्तमान सामाजिक मुद्दों और घटनाओं के उदाहरण प्रस्तुत कर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में संस्था की कोऑर्डिनेटर मृणाल काकडे और सामाजिक कार्यकर्ता रंजना खुडे ने किशोरियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। आज के डिजिटल युग में तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों से कैसे बचा जाए, इस पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। इस विषय पर क्विक हिल कंपनी से आए यशराज काकेकर ने लड़कियों को महत्वपूर्ण एवं उपयोगी जानकारी दी। कार्यक्रम में शामिल हुई लड़कियों ने खुशी और संतोष व्यक्त करते हुए अपने निजी अनुभव और कुछ वास्तविक घटनाएं भी खुलकर साझा कीं।

दैनिक भास्कर BhaskarHindi.com
Mon, 25 August 2025
https://epaper.bhaskarhindi.com/c/

विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से वर्तमान सामाजिक मुद्दों और घटनाओं के उदाहरण प्रस्तुत कर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में संस्था की कोऑर्डिनेटर मृणाल काकडे और सामाजिक कार्यकर्ता रंजना खुडे ने किशोरियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। आज
इस पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। इस विषय पर क्विक हिल कंपनी से आए यशराज काकेकर ने लड़कियों को महत्वपूर्ण एवं उपयोगी जानकारी दी। कार्यक्रम में शामिल हुई लड़कियों ने खुशी और संतोष व्यक्त करते हुए अपने निजी अनुभव और कुछ वास्तविक घटनाएं भी खुलकर साझा कीं।